# बीकानेर में न भाजपा दावे के अनुरूप मजबूत और न ही कांग्रेस कमजोर



भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल।



कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल।

- भाजपा मोदी की गारंटी के भरोसे तो कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को लेकर वैतरणी पार करने को आतुर
- शहरी क्षेत्र में भाजपा तो ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति मजबूत

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर लोकसभा सीट पर लगातार चौथी बार परचम फहराने के लिए भाजपा मोदी की गारंटी के भरोसे हैं। वहीं कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में मजबूती से डटी हुई है।

यहां इस बार शुरूआती दौर में राजनीतिक प्रेक्षकों का आंकलन था कि ये चुनाव भाजपा के लिए कोई ज्यादा परेशान करने वाले नहीं होंगे। इसकी पहली वजह यही थी कि धड़ों में बंटी कांग्रेस ज्यादा हमलावर नहीं होगी। दूसरी वजह यह थी कि कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का लम्बे समय से अस्वस्थ होना।

इसी के साथ ही भाजपा के रणनीतिकारों का यह भी आकंलन था कि कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल की छवि भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल की तुलना में ठीक नहीं होना। भाजपा ने छवि वाले मुद्दे को लेकर रणनीति के तहत कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल पर पूर्व के मुकदमों को लेकर प्रेस कांफ्रेंस कर हमला बोला लेकिन उसकी जो जन प्रतिक्रिया अपेक्षित थी, वह नहीं हुई।

भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल इसी सीट पर 2009 से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफी करीबी माने जाते है। शहरी क्षेत्र की नासूर बनी रेल फाटकों की समस्या का निदान होगा या क्षेत्र का बड़ा वोट बैंक किसान वर्ग रहा है। उसके लिये कोई विशेष पैकेज की घोषणा होगी। लेकिन इन सभी मुद्दों पर कुछ बैठकें जरूर हुई लेकिन समाधान की दिशा में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई।

बीकनेर लोकसभा के 8 विधानसभा क्षेत्रों में से 7 पर भाजपा के विधायक है। ये भी भाजपा के लिये काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। कांग्रेस की तो मात्र नोखा से सुशीला डूडी ही विधायक है। इससे तो पूर्व में यह आंका जा रहा था कि इस बार भाजपा निर्णायक बढ़त ले सकती है। लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के बाद राजनीतिक गलियारों में यही चर्चा है कि चुनाव जीतने के लिए जोर तो लगाना ही पड़ेगा।

बीकानेर जिले की 7 व नवगठित अनूपगढ़ जिले की अनूपगढ़ विधानसभा सीट को मिलाकर बनी बीकानेर लोकसभा सीट पर जातिगत मतों की गणित भी काफी उलझी हुई है। एक और जहां भाजपा परम्परागत राजपूत वोटों को लेकर यह दावा करने की स्थिति में नहीं है कि वो इस वर्ग का जबरदस्त समर्थन लेगी। वहीं कांग्रेस भी अपने परम्परागत जाट मतों को लेकर यह कहने की स्थिति में नहीं है कि वहां भाजपा अधिक पीछे रहेगी।

बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख से अधिक मतदाता है, जिसमें सबसे अधिक चार लाख मतदाता मूल ओबीसी से है। वहीं दूसरे नम्बर पर तीन लाख से अधिक मतदाता एससी वर्ग से है। क्षेत्र में जाट मतदाता ढाई-पौने तीन लाख, राजपूत दो-सवा दो लाख, ब्राह्मण दो ढाई लाख, दो लाख से अधिक मतदाता मुस्लिम वर्ग है तो एक लाख से अधिक वैश्य वर्ग व अन्य वर्ग के है। इन सभी जातियों में बड़ी संख्या युवा मतदाताओं की है। जिन्हें रोजगार की तलाश है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई भी बड़ा मुद्दा है। इन मुद्दों पर भाजपा बोलने से परहेज करती दिखाई दी। वहीं कांग्रेस अधिकांश सभाओं में इन्हीं मुद्दों को उछाल रही है। अब देखना यह है कि मतदाता किस पर अपनी मोहर लगायेंगे।

जिले की श्रीडूंगरगढ़, लूणकरनसर, नोखा व खाजूवाला तथा अनूपगढ़ क्षेत्र में खेती से जुडे लोगों की अच्छी खासी संख्या है। इन क्षेत्रों में भाजपा को काफी जोर आजमाईश करनी पड़ रही है। वहीं कांग्रेस को बीकानेर पूर्व व बीकानेर पश्चिम सहित अन्य विधानसभा सीटों के शहरी क्षेत्र में भारी मेहनत करनी पड़ रही है।

भाजपा में अब तक जहां राजनाथ सिंह ने कोलायत में तो कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने अनूपगढ़ में बड़ी जनसभा की। दोनों ही सभाओं में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट पाना दोनों ही दलों के लिए चर्चा बनी हुई है।

भाजपा इस चुनाव को एक और जहां निर्णायक बढ़त के साथ जीतने के लिए काम कर रही है। वहीं कांग्रेस भी अभियान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। अब तक के अभियान में जहां इन चुनावों में मुद्दों की बात करें तो यही है कि भाजपा जहां मोदी की गारंटी को लेकर अभियान चला रही है।

वहीं कांग्रेस डबल इंजन सरकार की विफलताओं पर अपना चुनाव अभियान फोकस कर रही है। क्षेत्र में जहां बड़ी सख्या युवा मतदाताओं की है। उनको रोजगार की चिंता है तो क्षेत्र में बड़ा वर्ग किसानों का भी है। उन्हें भी सम्बल की जरूरत है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली बनाई

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर की माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में ईएलसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली व महिला मार्च में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य हंसराज परिहार ने बताया कि रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया तथा महिला मार्च के माध्यम से महाविद्यालय में एक उत्साह का संचार हुआ है। वरिष्ठ संकाय सदस्य महावीर प्रसाद काला ने स्वीप के तहत हो रहे रंगोली व महिला मार्च कार्यक्रम की महता बताते हुए कहा कि सरकार का मिशन-75 तभी सफल होगा, जब हम 19 अप्रेल को होने वाले निर्वाचन में सारे काम छोडकर सबसे पहले मतदान करेंगे। ईएलसी प्रभारी डॉ. छगनदान ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्रसिंह मांठ, डॉ. सरिता (एन.एस.एस प्रभारी), हरि कृष्ण, अंकिता चौधरी, डॉ. कमल कुमार, रजनी, मनोज खत्री, अंजली व सभी कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र तारानगर (20) के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए आज से चुनाव समाप्ति तक सेक्टर ऑफिसर्स /मजिस्ट्रेट अपने-अपने परिक्षेत्र में रहकर शांति व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं, आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करेंगे।

## सार-समाचार

### रंगोली से दिया मतदान का संदेश



**बच्चों ने सजाई रंगोली, अभिभावकों को लिखी मतदान करने की पाती।**

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिले की सरकारी और निजी स्कूलों में सोमवार को भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। नालंदा सीनियर सैकण्डरी स्कूल में छात्राओं में मतदान की रंगोली सजाई। करूणा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वीप के सह प्रभारी हरिशंकर आचार्य और उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा बच्चों का आव्हान किया कि वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बच्चों ने अपने अभिभावकों के नाम मतदान की पाती लिखी। स्कूल प्राचार्य राजेश रंगा ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने और सबसे अच्छी पाती लिखने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण आचार्य ने किया। वहीं जैन पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए ई-टूल्स के बारे में बताया और सुविधाओं की भी जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के समय मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी नव मतदाताओं को अपना वोट देने एवं अपने परिवार के सदस्यों तथा आसपास के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। बोड़ा ने बताया कि सोमवार को चायनान स्कूल, लक्ष्मीनाथ घाटी स्कूल, सार्दुल स्कूल, गुरु कृपा स्कूल में मतदाता शपथ, क्विज, रंगोली, पोस्टर लेखन जैसी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

### मतदान की शपथ दिलाई



**स्वच्छता कर्मियों ने रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।**

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूकता की मुहिम में स्वच्छता कर्मी भी जुड़ गए हैं। सोमवार को सैकड़ों स्वच्छता कर्मियों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। उन्होंने सभी को मतदान की शपथ दिलाई। स्वच्छता कर्मियों का काफिला यहां से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से जूनागढ़ पहुंचा। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ एवं जिला स्वीप प्रभारी सोहनलाल, नगर निगम आयुक्त अशोक असीजा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार, डीएसओ सुभाष कुमार, सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

### रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया

**तारानगर,** (निसं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन तारानगर के गांधी पार्क में युवा मतदाताओं द्वारा मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर स्लोग्न मताधिकार का प्रयोग करेंगें वोट करेंगे वोट करेंगे के नारे लगाकर रैली निकाली गई एवं निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक स्वीप सहप्रभारी छगनलाल छिम्पा, ईएलसी प्रभारी कॉलेज डॉ. अनामिका प्रजापति, नगरपालिका जेईएन सुनिलदत मण्डार, शक्तिसिंह राठौड़, पवन सौलंकी, नितेश उपाध्याय, योगेश इन्दौरिया, सुरेन्द्र जांगिड़, यश शर्मा, विकास, दिनेश दायम सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी व महिलाओं ने भाग लिया।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**पाटन,** (निसं)। आदर्श आचार संहिता की पालना में पाटन पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर आम जन को शांति पूर्वक चुनाव करने का संदेश दिया। पाटन थाना अधिकारी नेकीराम चौधरी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश की पालना में पाटन तहसील के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया एवं आमजन से अपील की गई की निर्भीक एवं निडर होकर मतदान करें। यह फ्लैग मार्च कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए हॉस्पिटल, शहिद कल्याण सिंह चौक, पुराना बाजार होते हुए कोटपूतली रोड नीमकाथाना रोड,हसामपुर , रायपुर होते हुए थाने में पहुंचे। फ्लैग मार्च में आरएसी एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# साइबर योद्धाओं ने भाजपा को जीताने के लिए मोर्चा संभाला




**भाजपा आई.टी. और सोशल मीडिया की कार्यशाला को आई.टी. प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी ने सम्बोधित किया।**

**बीकानेर,**(कासं)। लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी सोशल मीडिया टीम को एक्टिव करना शुरू कर दिया है। इसके लिए भाजपा ने सोशल मीडिया वॉलियंटर की कार्यशाला आयोजित की गई।

बीकानेर लोकसभा में हुई सोशल मीडिया टीम की एक दिवसीय कार्यशाला में भाजपा के कई सोशल मीडिया एक्टिविस्ट इस दौरान आईटी प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी कोजूराम सारस्वत, आईटी संभाग प्रभारी जतिन सहल, बीकानेर शहर सोशल मीडिया संयोजक विक्रम सिंह राजपुरोहित, देहात संयोजक पवन आदि मौजूद थे।

भाजपा की इस मीडिया कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। आईटी प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी ने कहा कि इस बार भी भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल को चौथी बार भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजना है और फिर से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भी हैट्रिक के साथ ही बनानी है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सोशल मीडिया और मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसलिए सोशल मीडिया टीम पूरी तरह से तैयार रहें। कहा सरकार की योजनाओं को मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचाए। सोशल मीडिया संभाग प्रभारी कोजुराम सारस्वत उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण जरिया सोशल मीडिया और मीडिया ही है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार के कामों को मीडिया के जरिए जनता तक पहुंचाएं।

## समाजसेवी ने विद्यालय में पानी की टंकी भेंट की

**रतनगढ़,** (निसं)। तहसील के निकटवर्ती ग्राम नोसरिया की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में सोमवार को समाजसेवी रेवंतराम नाई ने पानी की टंकी भेंट की है।

अपने पिता जोराराम नाई की स्मृति में उनके पुत्र समाजसेवी रेवंतराम नाई के आर्थिक सहयोग से 550 लीटर की विद्यालय में अध्यनरत छोटे बच्चों के पानी पीने के लिए प्लास्टिक टंकी भेंट की। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा समाजसेवी नाई परिवार का माला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। प्रधानाध्यापक पंकज पीपलवा ने विद्यालय में बच्चो के लिए दिए गए सहयोग के लिए समाजसेवी नाई परिवार का आभार व्यक्त करते हुवे विद्यालय में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर भंवर लाल सारस्वत, धनाराम नाई, मदन शर्मा, नारायण नाई, आसाराम नाई, प्रभु नाई, मदन नाई, डालचंद, प्रकाश, अध्यापक दिनेश भोजक, विकास कुमार खिलेरी, गोविंद सहित दर्जनों ग्रामीण जन व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विकास के कार्यों से चूरू संसदीय क्षेत्र की अलग पहचान: कस्वां

**तारानगर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में 19 अप्रेल को चूरू लोकसभा में मतदान होना है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां लगातार क्षेत्र में प्रचार करने में लगे हुए हैं। सोमवार को राहुल कस्वां तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, माकपा जिला सचिव कॉ. निर्मल कुमार के साथ तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव-मेहरासर, रातुसर, रायपुरा, कालवासिया, जैतसीसर, बरजांगसर, पिचकराई, शिमला, बोघेरा, बिल्यूं बास रामपुरा और रतनगढ़ शहर में पहुंचे और जन आशीर्वाद लेकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

इस दौरान राहुल कस्वां ने अपने सम्बोधन में कहा कि, हमने जनता के बीच रहकर एवं सबको साथ लेकर विकासवादी सोच के साथ काम किया है। हमने लगातार मेहनत कर जिला मुख्यालय पर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, ग्रामीण इलाकों में मोबाईल टावर स्थापना, 39 नये शाखा डाकघरों व 6 नई बैंकों की स्थापना, कर्मचारी भविष्य निधि के ब्रांच ऑफिस की स्थापना जैसे कार्य करवाए हैं, जिनसे आज बड़े स्तर पर लोकसभा परिवारजनों को लाभ मिल रहा है। सड़क इन्फ्रा निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हमने करवाए हैं। संसदीय क्षेत्र में 2400 करोड़ रू. से अधिक की राशि के कार्य करवाए हैं।

आज कुछ सामंती व अहंकारी सोच के लोग सिर्फ बातें बना रहे, जबकि अपने 35 साल के राजनीतिक जीवन में सिवाय एक अनुपयोगी पुलिया के, उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा नेता सार्वजनिक मंचों से तस्करी को बढ़ावा देने, सरपंचों को धमकी देने, जाति धर्म की बातें कर रहे हैं। ऐसे लोगों को जनता ने विधानसभा चुनाव में नकार दिया है और अब फिर वोट की चोट करने का मानस बना लिया है।

विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि बीजेपी ने किसान, युवा, मजदूर, खिलाड़ी बेटीयों का शोषण करने के अलावा कुछ नहीं किया। आज के विकट हालात को समझते हुए कांग्रेस और राहुल कस्वां को जीताना अत्यंत जरूरी है।

विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि राहुल कस्वां और रामसिंह कस्वां ने शालीनता के साथ विकास और मुद्दा आधारित राजनीति की है।ऐसे लोगों को जीताने से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और चूरू आगे बढ़ेगा।

## ई.वी.एम. की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। बहुजन मुक्ति मोर्चा ने ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग को लेकर एक बड़ी व्यूह रचना तैयार की है। जी, हां मोर्चा के नेता और बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के निर्देश के बाद मोर्चे के कार्यकर्ता पूरे देश में मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीनों को तोड़ेंगे। यह बड़ी चेतावनी दी गई है। सोमवार को राष्ट्रव्यापी आव्हान पर झुंझुनूं में बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 बैलेट पेपर से ही करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान ज्ञापन लेने के बावजूद कलेक्टर चैंबर में घुसने की कार्यकर्ताओं ने जबरदस्ती कोशिश की। जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। बहुजन मुक्ति मोर्चा की सदस्य एवं क्षत्रीय करणी सेना की अध्यक्ष एडवोकेट संगीता सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आर्डर है कि बैलेट पेपर पर ही चुनाव होंगे।

लेकिन सरकार द्वारा जबरदस्ती ईवीएम मशीन से चुनाव करवाया जा रहा है। जबकि ईवीएम मशीन से चुनाव एक बड़ा स्केम है। यदि सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे ईवीएम से तोड़फोड़ शुरू कर देंगे, तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## पूर्व पुलिस महानिदेशक का अभिनंदन

**रतनगढ़,** (निसं)। श्री बालाजी कृपा मंडल एवं स्वर्णकार समाज द्वारा सोमवार को पूर्व पुलिस महानिदेशक बी एल सोनी का अभिनंदन किया। जयपुर से सरदारशहर जाते समय अल्प समय के लिए पूर्व पुलिस महानिदेशक सोनी निजी होटल पर रुके, जहां पर समाज के लोगों द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर माणक चंद कड़ेल, सत्यनारायण सोनालिया, चेतन सोनी, विष्णु सोनालिया, मनोज सोनी, दिलीप मंडावरा, लक्ष्मीनारायण तोसावड, प्रदीप कुल्थिया, कैलाश डाबर, मदन कुल्थिया, गोविन्द तोसावड सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया

**सीकर,** (निसं)। लोकसभा चुनावों में भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा मीडिया सेंटर पर सोमवार को किया।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, लोकसभा सह प्रभारी डॉ. बीएल रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी व जिला महामंत्री संजय सैनी ने विमोचन किया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प लिया है उस संकल्प को संकलन पत्र के माध्यम से संकल्प पत्र में लिया है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र का उद्देश्य यह है कि विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त बनाना है। कहा कि गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। कहा कि भाजपा का यह मानना है कि आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने से पहले-पहले भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति व सबसे विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए लघुकालीन योजनाओं की बजाय दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाए। कहा कि ऐसी योजनाओं से देश को सैंकड़ों वर्षों तक लाभ मिलता रहेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा के संकल्प पत्र में समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए चाहे कोई भी योजना हो उसके लाभ के लिए उसको शामिल किया है। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चार करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना हो, किसानों को समृद्ध बनाने के लिए नई सिंचाई की तकनीक बनाकर नए अवसर पैदा करना प्राकृतिक खेती की ओर अधिक अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, पीडित्, शोषित सहित सभी के लिए भाजपा उन्नति के काम ओर तेजी से करने के लिए जा रही है। कहा कि सन् 2024 से लेकर 2029 तक का कालखंड देश के लिए अमृतकाल खंड होगा।

# भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने बज्जू व रावला मंडी में वोट मांगे




**बीकानेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने बज्जू व रावला मंडी में जनसंपर्क कर वोट व समर्थन मांगा।**

- केन्द्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए किये जाने वाले कार्यों का लेखा जोखा रखा

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल सोमवार को बज्जू व रावला मंडी के चुनावी दौरे पर रहे। इससे पहले वे बीकानेर की वाल्मीकि बस्ती में आयोजित समारोह में भी पहुंचे।

इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद पीठाधीश्वर बाल योगी संत उमेश नाथ महाराज मुख्य अथिति उपस्थित रहे। इस अवसर पर अर्जुनराम मेघवाल का स्वागत किया गया। यहां उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अर्जुन मेघवाल बोले की संतों का आशीर्वाद सदैव मेरे साथ रहा है और आज उज्जैन से उमेशनाथ महाराज मुझे आशीर्वाद देने मुझे बीकानेर आये हैं।

ये चुनाव देश की दशा व दिशा तय करने वाला चुनाव है। जहां पूरा विपक्ष भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है और राष्ट्रहित में काम करने वाली केन्द्र की मोदी सरकार को सत्ता से विमुख के सपने देख रहा है। वहीं भाजपा आपके दम पर यह चुनाव लड़ रही है। भाजपा नेताओं को विश्वास है कि मोदी के हाथ देश सुरक्षित है। इसलिए बिना नेता व नीति वाले दलों को दरकिनार कर आप सब भाजपा के पक्ष में वोट कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान अवश्य दें। उन्होंने केन्द्र व राज्य की सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए आने वाले पांच सालों में भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों का लेखा जोखा भी जनता के सामने रखा। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी का जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ विधायक जेठानंद व्यास, अंशुमान सिंह भाटी, महावीर रांका, जगदीश सोलंकी, सोहन चांवरिया, घनश्याम लोहिया, लालूराम खिलेरी, चन्द्र सिंह चौहान, मंजू शर्मा, भंवरदान चारण, किशन गोदारा, राजाराम सिंघड़, जे. पी. व्यास, सुरेंद्र सिंह शेखावत, महावीर चारण, मुमताज अली भाटी, शिवलाल तेजी, विनोद चांवरिया, राकेश पंडित, भारत चांगरा, रतनलाल घारू, सहित बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, ग्रामीण मौजूद थे।

## भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी जोरों पर




**भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक को विनोद बाफना ने सम्बोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। जीयो और जीने दो, अहिंसा, संयम व समता के उद्घोषक जैनधर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जायेगा।

महासभा के अध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया कि जैल रोड स्थित दिगम्बर नसियां मन्दिर परिसर में आयोजित हुई आम सभा में यह निर्णय लिया गया कि महावीर जयन्ती के अवसर पर 21 अप्रेल, 2024 को प्रात: 07:30 बजे बैण्ड बाजों सहित दो शोभा यात्रा बीकानेर व गंगाशहर भीनासर से अलग- अलग रवाना होकर गौड़ी पार्श्वनाथ पंहुचेगी।

बीकानेर से यह शोभा यात्रा दिगम्बर नसियां मन्दिर से रवाना होकर अनेक मार्गों से होती हुई गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मन्दिर पंहुचेगी व गंगाशहर भीनासर से रवाना यह शोभायात्रा जैन जवाहर विद्यापीठ से प्रारम्भ होकर अनेक मार्गों से होती हुई गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मन्दिर पंहुचेगी। जैन महासभा बीकानेर के महामंत्री मेघराज बोथरा ने महावीर कल्याणक के कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रेल को सायं जैन पब्लिक स्कूल परिसर में महावीर प्रार्थना, 21 अप्रेल सुबह 7:30 बजे जैन जवाहर विद्यापीठ, भीनासर एवं दिगम्बर नसियां बीकानेर से शोभायात्रा प्रारम्भ होगी जो गौड़ी पार्श्वनाथ मन्दिर पहुंचेगी। इसी दिन सुबह 9:30 बजे से गौड़ी पार्श्वनाथ मन्दिर परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा।